Regarding Nagpur - Akola - Mumbai Amrit Bharat Express

श्री अनूप संजय धोत्रे (अकोला) : महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेलवे मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने मेरी कॉन्स्टीट्यूएंसी अकोला शहर में गतिशक्ति टर्मिनल सैंक्शन किया है । मेरी डिमांड है कि जो अमृत भारत ट्रेन है, वह ट्रेन मेरी कॉन्स्टीट्यूएंसी में नागपुर से मुम्बई के लिए चालू की जाए । इस रेलवे सेवा को चालू किया जाए । वन्दे भारत-II की जो सारी फैसीलिटीज़ हैं, वह इस ट्रेन में है, परन्तु सरकार की प्राथमिकता है कि सामान्य आदमी को वन्दे भारत जैसी सुविधा मिले और उसे स्लीपर व जनरल कैटेगरी में सस्ती यात्रा करने को मिले ।

मैं इसी दिशा में डिमांड करता हूं कि मेरी कॉन्स्टीट्यूएंसी में नागपुर से मुम्बई के लिए एक अमृत भारत ट्रेन चालू की जाए । धन्यवाद ।